# सेवानिवृत 33 कर्मचारियों को सौंपें पीपीओ पत्र



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपने हक और अधिकार के लिए भटकना न पड़े इसलिए कलेक्टर ने निर्णय लिया कि प्रत्येक माह रिटायर होने वाले अधिकारियों पीपीओ तत्काल जारी किया जाऐं।

इसी कड़ी में सोमवार को टी एल के बाद कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जिले में सरकारी सेवकों के पेंशन प्रकरणों का लगातार निराकरण किया जा रहा है। उनकी विशेष रुचि और सतत निगरानी के परिणाम स्वरूप फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त हुए 33 शासकीय कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के तत्काल बाद ही पेंशन प्राधिकार पत्र सौंपे गए।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सिंह ने स्वयं सभी पेंशनरों को पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें पेंशन प्राधिकार पत्र प्रदान किए। इस सकारात्मक पहल के लिए सभी पेंशनरों ने कलेक्टर श्री सिंह का आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री सिंह नियमित रूप से प्रत्येक टी एल बैठक में आगामी छह माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के प्रकरणों की समीक्षा कर रहे हैं, जिससे पेंशन संबंधी कार्यों का समय पर निष्पादन हो रहा है।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर के.सी. बोपचे, जिला पेंशन अधिकारी हीरावती उइके, संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर और अंकिता त्रिपाठी, अतिरिक्त जिला पेंशन अधिकारी शालिनी उइके, सहायक पेंशन अधिकारी नम्रता अहके, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह सहित जिला पेंशन कार्यालय का समस्त स्टाफ एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पथकर विक्रेताओं से अस्थाई दखल राशि वसूल रहा निगम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा विगत वर्ष फुटपाथ एवं सड़क के किनारे अस्थाई रूप से दुकान अथवा ठेला लगाकर व्यापार करने वाले व्यापारियों को दैनिक राशि देने के आदेश दिए गए थे, जिसके उपरांत मध्यप्रदेश शासन के नवीन आदेश अनुसार नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा संबंधित व्यापारियों से न्यूनतम राशि वसूल करने के निर्देश दिए गए।

परिषद के विशेष सम्मेलन में पारित संकल्प के अनुसार निकाय सीमांतर्गत अस्थायी दखल व्यापारी/पथकर विक्रेताओं से स्थायी दुकान लगाने वालों से 600/- रूपये अर्द्धवार्षिक या 1200/- रूपये वार्षिक तथा हाथ ठेला वालों से 300/- रूपये अर्द्धवार्षिक या 600/-रूपये वार्षिक की दर से वसूली किया जाना हैं। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर निगम का राजस्व दल प्रत्येक पथ कर विक्रेताओं के पास पहुंच कर वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की निर्धारित राशि जमा करवा रहा है।

# अतरवाड़ा ग्राम में 20 वर्षीय युवती ने जहर खाकर दी जान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के अतरवाड़ा गांव में 20 वर्षीय युवती ने शादी का झांसा देकर धोखा दिए जाने से आहत होकर जहर खा लिया। अस्पताल में 8 दिन तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद आखिरकार उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर वीडियो जप्त कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।



जानकारी के अनुसार 2 मार्च को पूजा चंद्रवंशी जब घर में अकेली थी, तब उसने जहर का सेवन कर लिया। शाम को स्वजन जब खेत से लौटे तो खून की उल्टियां करते देख उसे तत्काल अस्पताल ले गए। गंभीर हालत के चलते पहले नागपुर रेफर किया गया, लेकिन सुधार न होने पर छिंदवाड़ा जिला अस्पताल वापस भेज दिया गया। 9 मार्च की रात इलाज के दौरान पूजा ने दम तोड़ दिया।

पूजा ने मरने से पहले एक वीडियो बनाया जिसमें उसने योगेश चंद्रवंशी नाम के युवक पर शादी का झांसा देकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उसने वीडियो में कहा- योगेश ने दूसरी शादी कर ली, इसलिए मैं अपनी जान दे रही हूं।

मृतका के भाई ने बताया कि बीजागोरा निवासी योगेश चंद्रवंशी ने शादी का झूठा वादा कर पूजा को धोखा दिया। जबकि योगेश की शादी पहले ही हो चुकी थी, उसने पूजा को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया। परिजनों ने प्रशासन से आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। कुंडीपुरा थाना प्रभारी मनोज बघेल ने बताया कि युवती की मौत के बाद मर्ग कायम कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस वीडियो समेत अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है।

बता दें कि इन दिनों जिले में अपराधिक गतिविधियां गुण्डागर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। चाहे रिंग रोड जमुनिया का मर्डर हो या फिर यादव का मर्डर हो या फिर छोटी छोटी बातों पर चाकूबाजी आम बात हो गई। हिन्दी प्रचारिणी स्कूल के सामने लगभग 2.30 बजे दस मार्च को स्कूली छात्रों ने पहले होली खेली फिर एक युवक ने चाकू से भी हमला कर दिया था।

### सार समाचार

## सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरेगी एनएसयूआई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के द्वारा छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र में उच्च व गुणवत्ता वाले शैक्षणिक संस्थानों की सौगात दी है, किन्तु भाजपा के द्वारा की जा रही बदले की राजनीति ने शैक्षणिक केन्द्रों का आकर ही परिवर्तित कर दिया। चाहे मेडिकल कॉलेज की बात हो, विश्वविद्यालय हो या फिर हॉर्टिकल्चर कॉलेज छोटे-छोटे भवनों में संचालित हो रहे। जबकि कमलनाथ की पंद्रह माह की सरकार में इनके लिए पर्याप्त बजट दिया गया था जिसे बाद में भाजपा ने रोक दिया। इन विषयों को लेकर जिला एनएसयूआई जल्द ही छात्र-छात्राओं के साथ सड़क पर उतरेगी।

जिला एनएसयूआई की आयोजित बैठक में म.प्र. की भाजपा सरकार के द्वारा किए जा रहे भेदभावपूर्ण बर्ताव को छात्र-छात्राओं तक पहुंचाया जाएगा साथ ही आगामी दिवसों में किए जाने वाले आंदोलन, धरना व प्रदर्शन के साथ ही अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। आयोजित बैठक में एनएसयूआई के नवनियुक्त प्रभारी राकेश माहोरे का उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा सम्मान किया गया साथ ही अन्य नवनियुक्त पदाधिकारियों का भी पुष्प गुच्छ देकर व पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्षों के द्वारा सुझाव प्रस्तुत किए गए जिन पर जल्द ही अमल करने का आश्वासन वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दिया है।

## साई मंदिर लोनिया करबल में मनाया 19वां स्थापना दिवस, श्रद्धालुओं को बॉटे दुर्लभ बेल पत्र

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मंदिर समिति अध्यक्ष नरेंद्र चौकसे ने बताया कि परासिया रोड स्थित श्री साईं मंदिर सर्वधर्म समन्वय सेवा समिति नोनिया करबल द्वारा भव्य स्वरूप में 19 वीं वे स्थापना दिवस का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर विशाल भंडारा एवं प्रसाद ग्रहण किया। इसी ब्रह्मोत्सव पुण्य कार्य में राष्ट्रीय भगवाधारी दल के मुख्य कार्यवाहक पंडित पवन शर्मा द्वारा सैकड़ों भक्तों को नि:शुल्क दुर्लभ बेलपत्र वितरण किया जिसमें विशेष रूप से अधिवक्ता मधुकर कपाले, अरुण राजगुरु, मनोज आरपुरे, संजय भारद्वाज, सुनील चौबे, राहुल कड्डू नत्थू कड्डू सुश्री पिंकी सोनी, नीलेश सोनी, पिंटू सोनी, सुरेश कपाले, संजय माहोरे, शंकर कपाले, चंदू अवारे, डॉ. पंकज साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।



## दो मृतक परिवारों को दो-दो लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**गाडरवारा, देशबन्धु।** ककराघाट मार्ग पर रविवार को एक डंपर एवं मोटर साइकिल की भिड़ंत होने से घटना स्थल पर ही दीपक पिता कोमल प्रसाद धानक की मौत हो गई तथा दूसरा अभिषेक पिता नरेंद्र धानक की हालत गंभीर होने कारण उसे शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा ले जाया गया, जहां पर उसकी हालत संतोषजनक न होने कारण जिला मुख्यालय नरसिंहपुर भेजा गया और वहां से जबलपुर इलाज के लिए भेजा गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना की संपूर्ण जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री से स्वेच्छा अनुदान निधि से मृतक परिवारों के लिए दो-दो लाख रुपए की राशि स्वीकृत कराई।

# मैंने हमेशा दलगत भावना से उठकर काम किया : पूर्व राज्यपाल उईके



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुझे प्रसन्नता हो रही हैं डेहरिया समाज के महिला जाग्रती सम्मेलन में इतनी बडी संख्या में उपस्थित हुई सामाजिक महिलाएं, मैंने हमेशा दलगत राजनीति उठकर काम किया है इसलिये मैं आज इस मुकाम तक पहुची हूं। मुझे खुशी है डेहरिया समाज महिलाएं घर से निकलकर यहाँ पहुँची हूँ। यह उदगार मणिपुर एंव छत्तीसगढ़ की पूर्व राज्यपाल अनुसूइया उईके ने व्यक्त किये। सुश्री उईके ने आगे कहा कि महिलाओं के क्या क्या कानून है ये सब जानने के लिये आप संगठित होकर काम करिये सफलता जरूर मिलेगी। सम्मेलन को पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज्योति डेहरिया, जिला महिला कांगेस अध्यक्ष किरण चौधरी ने संबोधित किया मंच संचालन सचिव रैना हरले प्रवक्ता रानू डेहरिया ने किया।

13 वा महिला महिला जाग्रती सम्मेलन में छिंदवाड़ा शहर सहित परासिया, जुन्नरदेव, तामिया, हीरावड़ी, चौरई, अमरवाड़ा, हर्रई, दमुआ, मोहखेड़ सहित सभी ब्लाकों से भारी संख्या में महिलाओं ने उपस्थिति दी। उक्त कार्यक्रम में निगम आयुक्त मीना कोरी, संगीता डेहरिया, नगर परिषद हर्रई जिला अध्यक्ष उमा डेहरिया, ज्योति सुनील डेहरिया, ज्योति सन्तोष डेहरिया, पुरुष वर्ग से मुख्य सलाहकार शिवनारायण डेहरिया, जिला अध्यक्ष लोकेश डेहरिया, सचिव दिनेश डेहरिया, जिला उपाध्यक्ष ललित डेहरिया चौरई, संजय डेहरिया जुन्नरदेव सहित भारी संख्या में महिला पुरूष उपस्थि रहे।

महिला जाग्रती सम्मेलन में सम्पूर्ण जिले से मेहरा डेहरिया समाज की उपस्थित हुई महिलाओं जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं थे उनके कार्ड बनाए गये जिससे बीमारियों में इलाज का सरकारी लाभ मिल सके।

संगीत, खेल कूद, स्वरोजगार, नौकरी पेशा के क्षेत्र में सफलता पाने वाली महिलाओं एंव परिवार के जीवनोपार्जन के लिये संघर्ष कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## कक्षा दसवीं की गणित की परीक्षा में अनुपस्थित रहे 816 विद्यार्थी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2024-2025 के अंतर्गत 25 फरवरी 2025 से हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा 27 फरवरी से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 162 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है। जिसकी सतत् मॉनीटरिंग कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है। सोमवार को 162 परीक्षा केन्द्रों पर कक्षा 10वीं के गणित विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 10वीं में 27520 दर्ज विद्यार्थियों में से 26704 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 816 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 16 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुये, जिसमें से 14 विद्यार्थियों के लिये राईटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 18 तथा विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 60 रही। इस दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल प्रकरण पंजीबध्द नहीं हुआ।

## पशु चिकित्सा संघ छिंदवाड़ा की अध्यक्ष बनीं उषा क्षत्रिय

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के स्थानीय निजी होटल में 08 मार्च 2025 को प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सा संघ छिंदवाड़ा इकाई के चुनाव में डॉ. उषा क्षत्रिय अध्यक्ष पद के लिये निर्वाचित हुई। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी डॉ. पंकज माहोरे को 6 मतों से पराजित किया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक डॉ. मॉयल एवं डॉ. नीता मिनोचा ने जबलपुर से आकर चुनाव सम्पन्न कराया ।



उपसंचालक डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार ने नवीन गठित इकाई को बधाई दी एवं पशु चिकित्सकों के हित में काम करने के लिए आव्हान किया। नवीन गठित इकाई के अध्यक्ष डॉ. उषा ने इकाई के सर्वोच्च सदस्यों को आश्वस्त किया कि वह पशु चिकित्सा के हित में निरंतर कार्य करेंगी ।

# सहायक संचालक पशु चिकित्सक को दी विदाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्थानीय पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के सहायक संचालक पशु चिकित्सक डॉ. एम.के. मौर्य के अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्ति पर विभिन्न कर्मचारी संगठनों के द्वारा जहां भावभीनी बिदाई दी गई तो वहीं पेंशनर्स समाज भी पीछे नहीं रह।

वरिष्ठ स्टेनोग्राफर मुकेश चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया है कि डॉक्टर एम के मौर्य सहायक संचालक पशुपालन एवम् डेरी विभाग के सेवा निवृत्त होने पर विभाग के अधिकारी कर्मचारियो ने उन्हें भावभीनी बिदाई दी। इस अवसर पर उप संचालक डॉक्टर एस.जी.एस. पक्षवार, जिला पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष एस.डी.ए. तिवारी तथा विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थि थे।

बता दें कि डॉक्टर मौर्य न केवल पशु चिकित्सा विभाग में चिकित्सक के रूप में विख्यात थे अपितु राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, संरक्षक के साथ साथ आप मध्यप्रदेश कर्मचारी अधिकारी संघ के साथ भी जुड़े हुए थे।

आप मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है इसलिए आज भी उनकी सेवानिवृत्ति पर बिदाई दी जा रही है।



# कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा एस.डी.एम., सी.ई.ओ. जनपद पंचायत, सी.एम.ओ. सहित खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।



बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सी एम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का समाधान समयबद्ध और प्रभावी तरीके से किया जाए ताकि नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री फल उद्यान योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत किसानों को फल उत्पादन के लिये आर्थिक सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत लक्षित लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ शीघ्र पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व वसूली को बढ़ाने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को कुर्की के माध्यम से बकाया राशि की वसूली करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए ताकि राजस्व संग्रहण में वृद्धि हो सके। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत ग्राम पंचायतों के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को आवेदन करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत युवाओं को सरकारी कार्यालयों में कार्य अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगाए जिससे उनकी कार्यक्षमता और दक्षता में वृद्धि होगी।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागों में शीघ्र ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और गति आएगी, जिससे नागरिकों को सुविधाजनक सेवाएं मिल सकेंगी।

बैठक में समय सीमा के प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने सी एम हेल्पलाइन, सी एम हाउस, सी पी ग्राम, जनसुनवाई, न्यायालय के लंबित प्रकरणों, लंबित पेंशन प्रकरणों एवं विभिन्न विभागों से संबंधित अंतर्विभागीय विषयों की भी समीक्षा की और शीघ्र अपेक्षित कार्यवाही के निर्देश दिए है।

## कवि अज्ञेय के जन्म दिवस पर संगोष्ठी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी साहित्य परिषद एवं मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई के द्वारा संयुक्त रूप से हिंदी के महत्त्वपूर्ण कवि अज्ञेय के जन्मदिवस पर उनके रचना संसार पर केंद्रित संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर सुनील शर्मा प्राध्यापक भौतिक शास्त्र ने हिंदी कविता में अज्ञेय के महत्त्व को रेखांकित किया। विभागाध्यक्ष डॉक्टर जवाहर शुक्ल ने कहा कि अज्ञेय हिंदी कविता में प्रयोगवाद को स्थापित करने वाले एवं नई कविता के प्रमुख कवि रहे हैं। इस अवसर पर डॉक्टर दर्शन सिंह किरार व डॉक्टर टीकाराम ने अज्ञेय की भाषा व भावबोध पर विद्यार्थियों से चर्चा की। संगोष्ठी का संचालन करते हुए सहायक प्राध्यापक डॉक्टर रोशनी ने कहा कि जब इस दौर में पढ़ने-लिखने के प्रति अरुचि बढ़ रही है, तब महाविद्यालय में इस तरह का आयोजन नए पाठक वर्ग को तैयार करने में सहायक होगा।

# धर्मांतरण पर कठोर कानून बनाने के लिए मुख्यमंत्री को साधुवाद : सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में बहुत से सामाजिक संगठनों ने कल 10 मार्च को जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर धर्मांतरण पर राज्य में कठोर कानून बनाये जाने पर बधाई दी।



ज्ञापन में बताया कि समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ कि 8 मार्च विश्व महिला दिवस पर आपने धर्मांतरण पर कठोर कानून बनाया जिसके लिए आप साधुवाद के पात्र हैं। इसके पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तराखंड सरकार और अन्य कुछ राज्य सरकारें यह कानून बना चुकी हैं।, इससे लव जिहाद और धर्मांतरण पर रोक लगेगी।

सबसे पहले लगभग 40 वर्ष पूर्व सनातन संस्कृति के रक्षक संत श्री आशाराम बापू ने लाखों लोगों की घर वापसी करवाई थी जो हिन्दू प्रलोभन से या डर के मारे धर्म परिवर्तन कर चुके थे, उन्हें पुन: हिन्दू धर्म मे वापसी करवाई। तब से वे मिशिनिरियों के निशाने पर रहे। सन् 2013 में राजनीतिक लोग जो धर्मांतरण में लगे थे उनको निशाना बना कर एक फर्जी केस में जेल में डाल दिया।

कई देशों से आर्थिक सहायता प्राप्त न्यूज चैनलों ने उनका जमकर कुप्रचार किया। पूरे देशवासियों को उनकी सच्चाई पता है। आज भी उनके देश भर में करोड़ों करोड़ों साधक हैं। देश भर में फैले साधकों ने हमेशा धर्मांतरण का विरोध किया।

राजनीति की जानकारी रखने वालों का मानना है कि 2014 में सत्ता परिवर्तन इसका उत्कृष्ट उदाहरण है बहुसंख्यक समझने लगा था अब अपनी एकता आवश्यक है और महाकुम्भ में 66 करोड़ लोगों की उपस्थिति और देश मे 71 करोड़ माता पिता पूजे गए बहुसंख्यक एकता का परिचय है। आपने धर्मांतरण पर कठोर कानून बनाया आप साधुवाद के पात्र हैं।

आभार व्यक्त करते समय समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, आधुनिक चिंतक हरशूल रघुवंशी, राष्ट्रीय बजरंग दल के नितेश साहू, कुंबी समाज के युवा नेता अंकित ठाकरे, युवा सेवा संघ के ओमनारायण साहू, अश्विन पटेल, ओमप्रकाश डहेरिया, वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष इंगले, कलार समाज के प्रतिष्ठित बबलू माहोरे, रामराव लोखंडे, साहू समाज के ओमप्रकाश साहू, आई.टी. सेल के प्रभारी भूपेश पहाड़े, नारायण ताम्रकार आदि उपस्थित रहे।

# खापाभाट में मनाया गया महिला दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महिलाओं को सशक्तिकरण करने को लेकर अंत्तराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को मनाया जाता है। अर्चना माहोरे ने बताया कि महिला अपने अधिकारो को जानकर आत्मनिर्भर बन सके।

जुन्नारदेव विकासखंड के ग्राम छाबड़ी में अर्चना माहोरे ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम छाबड़ी में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सीईओ ने अपने उद्बोधन में सीईओ, कार्यक्रम की बहुत सरहना की एवं नारी शक्ति में समिति एक अच्छा कार्य कर रही है जिसमें महिलाओं को आगे बढ़ने का कार्य होगा।

सशक्त महिला आदर्श ग्राम की बननी चाहिए सभी का उद्बोधन बहुत सराहनी रहा इससे कार्य करने वालों के हौसले और बुलंद होते हैं। सी.ई.ओ. के साथ में गजब डांस हुए हैं आदिवासी डांसों की धूम मची थी लड़कियों ने भी इसी पर अधिक फोकस किया।

मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. मीरा पराड़कर एवं अलका शुक्ला, आराधना शुक्ला, सचिव सरपंच एवं जन अभियान परिषद की उपस्थिति में की सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उपहार प्रतिभागियों वितरण किया गया। सभी के सहयोग से महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर डॉ. मीरा पराड़कर ने अपने उद्बोधन में कहा की महिलाये अपने घर के चूल्हे चौके से बाहर निकलकर अपनी सोच को सशक्त बनाये ताकि समाज मे हो रही महिलाओं के प्रति हिंसा का डटकर सामना कर अपना जीवन सुरक्षित कर सके ओर शिक्षा के जरिए आगे बढ़कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुद्रढ़ कर सशक्तिकरण का परिचय दे। महिलायें अपनी मानसिकता मे बदलाव लाकर बेटी को भी बेटा जैसा व्यवहार करने प्रेरित किया ताकि बेटी को भी समान दर्जा मिल सके।



## सार समाचार

### निरोगी काया अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्य चिकत्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री ने जानकारी दी है कि जिले में 20 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक निरोगी काया अभियान आयोजित किया जा रहा हैं। अभियान के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुरूष एवं महिलाओ की उच्च रक्तचाप, मधुमेह तथा नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लिवर की पहचान एवं नि:शुल्क उपचार की सेवायें प्रदान किये जाने के लिये आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपस्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पर सप्ताह में 05 दिवस विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। अभियान के तहत आशा एवं ए.एन.एम. के द्वारा घर-घर सर्वे कार्य किया जाकर 30 वर्ष से अधिक सभी (महिलाओ/पुरूषो) की स्क्रीनिंग किया जायेगा। सर्वे के दौरान अंसचारी रोग जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह तथा नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लिवर बीमारियो की विशेष स्क्रीनिंग की जा रही हैं तथा स्क्रीनिंग के उपरांत प्रत्येक व्यक्ति का हेल्थ डाटा बैंक तैयार किया जाकर उन्हें स्वास्थ्य केन्द्र, आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

निरोगी काया अभियान के तहत 20 फरवरी से 08 मार्च 2025 तक कुल 1,92,154 व्यक्तियो की स्क्रीनिंग की गई हैं जिसमें हाईपरटेंशन के 20852, डायबिटीज के 19937 एवं नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लिवर के 7377 व्यक्तियो की स्क्रीनिंग की गई हैं। 08 मार्च 2025 की रिपोर्ट के अनुसार अभियान के तहत हाईपरटेंशन के 472, डायबिटीज के 330 एवं हाईपरटेंशन व डायबिटीज दोनो के 219 तथा नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लिवर के 129 मरीजो को उपचार प्रदान किया गया हैं। अभियान में कुल 20,290 व्यक्ति लाभान्वित हुये हैं।

सी.एम.एच.ओ. डॉ. शास्त्री ने सभी आम नागरिको से अपील की हैं कि मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सर्वे के दौरान आवश्यक सहयोग प्रदान करे तथा स्वयं व अपने परिवार के अन्य सदस्यो को जनभागीदारी के माध्यम से निरोगी काया अभियान में असंचारी रोग के उपचार प्राप्त करने के लिये लोगो को प्रेरित करे।

### तामिया में जन अभियान परिषद ने किया महिला दिवस पर आयोजन



**तामिया, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शासकीय महाविद्यालय तामिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती पूजन, दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

उक्त कार्यक्रम में तामिया विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे ने महिला दिवस पर अपनी बात कही उन्होंने कहा नारी तो नारायणी है नारीशक्ति स्वरूपा है उसी के साथ जल के महत्व, जल संरक्षण को भी बताया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर पर्यावरण प्रेमी समाजसेवी डॉ. महेश बंदेवार ने महिला के अधिकारों और जल संरक्षण पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान ही मात्रशक्तियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में परामर्शदाता समाजसेवी चंद्रकांत विश्वकर्मा, संदीप राज, सुभाष मिनोटें, पंकज राय, परिषद् की सभी नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, प्रदीप उइके, बी.एस.डब्लू./एम.एस.डब्ल्यू. के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संदीप राज ने किया एवं आभार समाजसेवी चंद्रकांत विश्वकर्मा ने किया।

### भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष ने बूथों में किया जनसंपर्क

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा गुलाबरा नगर मंडल अध्यक्ष लीला बजोलिया ने भाजपा गुलाबरा नगर मंडल में संगठन को मजबूत करने मंडल के वार्डों के बूथ-बूथ में जाकर बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। उनके साथ में वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, पार्षद भूरा भावरकर, भाजपा कार्यकर्ता ममता डोंगरे, नीरज आमवंशी, मनेश सोनी, शंकरराव हिवसे, सुरेश श्रीवास्तव, नंदू कपले, मुरलीधर कराडे, शिखा सांवले, संगीता कपाले, दिनेश राउत, जानकी चौरिया, नीलम भोंडे, पदमा मोहने सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## सांसद के प्रयास से एमएलबी स्कूल को पीएमश्री बनाया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की प्रयासों से महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल को पीएम श्री विद्यालय बनाया गया है सांसद के प्रयासों से अब महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय की छात्राओं को अच्छी शिक्षा मिलेगी।

सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रयासों से महारानी लक्ष्मीबाई सेकेंडरी स्कूल को पीएम श्री विद्यालय बनाया गया जिससे छात्राओं को अच्छी पढ़ाई और अच्छी शिक्षा मिलेगी।

इसी कड़ी में सांसद श्री साहू द्वारा लगातार प्रयास किए जाने के बाद महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल को पीएम श्री स्कूल बनाया गया है। उल्लेखनीय है। विदित हो कि श्री साहू छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा के लिए लगातार प्रयास कर रहे है।

# बेल पठार में बॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन, सिवनी बना विजेता



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत बेलपठार विकासखंड हरेई जिला छिंदवाड़ा में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दिनेश अंगरिया अध्यक्ष भारिया विकास प्राधिकरण (कैबिनेट मंत्री दर्जा) के मुख्य अतिथि दिनेश सिंह चौधरी, अध्यक्ष नरेंद्र मोदी विचार मंच (महाकौशल प्रांत) मध्य प्रदेश की अध्यक्षता, हजारीलाल साहू उपाध्यक्ष जिला भाजपा छिंदवाड़ा, ठाकुर वीरेंद्र सिंह विधायक प्रतिनिधि तथा कार्यक्रम की संरक्षक श्रीमती रोशनी झुनलाल धुर्वे की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिला नरसिंहपुर, सिवनी, बैतूल, पांढुरना तथा छिंदवाड़ा की 21 टीमों ने भाग लिया जिसमे प्रथम विजेता पुलिस लाइन सिवनी, जिला सिवनी, द्वितीय विजेता नरसिंहपुर, तृतीय विजेता भाजीटोला छिंदवाड़ा ने स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम अत्यंत रोचक रहा जिसमें आसपास के जिलो एवं क्षेत्र के लगभग 1000-1200 दर्शक उपस्थित थे। रामभरोस अहके शिक्षक ने मंच संचालन किया। क्षुनलाल धुर्वे, एस.एस.बी. श्रीसरवन अहके तथा समस्त ग्रामवासियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गोलापुरब महिला इकाई व अनेकांत महिला मंडल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं फाग उत्सव मनाया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गोलापुरब महिला इकाई व अनेकांत महिला मंडल द्वारा 9 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं फगोत्सव कार्यक्रम मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. उषा किरण जैन, विशिष्ट अतिथि सविता जैन एवं डिप्टी कलेक्टर वंदना जैन थी इन्होंने सभा को संबोधित करते हुए नारी सशक्तिकरण पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखें।

कार्यक्रम में मोहिनी जैन एवं नीलमणि जैन का सम्मान किया गया गांगीवाड़ा की महिला शोभा जैन को आर्थिक सहायता डिप्टी कलेक्टर और अनेकांत महिला मंडल की तरफ से नगद 21000/- रूपये की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मधु श्री एवं मीनू जैन द्वारा किया गया होली के उत्सव को एक फनी गेम द्वारा मधु पटोरिया द्वारा रंग-गुलाल के रूप में खिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष डॉ. मीना जैन द्वारा किया गया।

## सौसर विधायक ने किया नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष का सम्मान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ, विधायक पॉढुर्णा नीलेश उईके, अनुसूचित जाति प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष गुरूचरण खरे, पॉढुर्णा प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी, जिला अध्यक्ष सुरेश कपाले, अनुसूचित जाति प्रभारी डॉ. राजेश सोमकुँवर, जिला अध्यक्ष विनोद गजभिये की उपस्थिति में गुलशन गजभिये को पॉढुर्णा जिला अध्यक्ष बनने पर सौंसर विधायक विजय चौरे द्वारा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।



उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे विश्वास है कि गुलशन गजभिये कमलनाथ एवं नकुलनाथ के हाथों को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोषी गजभिये, प्रतिभा ब्रम्हे, रेणुका तिवारी, अनिल गजभिये, पंकज बंसोड़, अभी रंगारे, निलेश सोमकुंवर, रोशन इंगले, आयुष बंसोड़, नीलेश परतेती, गणेश बाड़बुदे, गौरव खंगार, प्रतिमा मेश्राम, सूरज बागड़े ने श्री गजभिये को बधाई दी ।

## माली समाज विकास परिषद ने मनाई सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 10 मार्च 2025 को माली समाज भवन बरारीपुरा में जिला माली समाज विकास परिषद द्वारा सावित्रीबाई फुले 128 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी।



इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष भाऊराव चरपे द्वारा सावित्रीबाई फुले द्वारा किये गये कार्यो पर उद्बोधन दिया गया एवं समस्त कार्यकारिणी द्वारा सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यकारिणी सदस्य भाऊराव चरपे, हरिभाऊ बाड़बुदे, शिवराम आलोनकर, देवानंद निकाजू, ज्ञानेश्वर कनेरे, अशोक अम्बाडकर, विजय (गब्बर) घोरसे एवं सामाजिक बंधु उपस्थित थे ।

# पातालकोट में कलेक्टर ने किया आजीविका उत्पादों का विमोचन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा समय सीमा की बैठक में स्व-सहायता समूहों की दीदीयो को लखपति एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाये जाने के लिये छिंदवाड़ा जिले के पातालकोट में आजीविका उत्पादों का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि यह उत्पाद पातालकोट के स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हैं और इनमें मिलेट्स उत्पाद, हर्बल गुलाल, प्राकृतिक शहद आदि शामिल हैं। इन उत्पादों को ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है और इसके लिए एक विशेष प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। यह प्लेटफॉर्म स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पादों को बेचने का एक नया अवसर प्रदान करेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हम ग्रामीण आजीविका मिशन की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक नया कदम उठा रहे है। यह उत्पाद न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अग्रिम कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर के.सी. बोपचे, संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर, एसडीएम सुधीर जैन, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार, जिला परियोजना प्रबंधक रेखा अहिरवार, आम्रपाली जावलकर, सुरभि बागियार और अन्य विभाग के जिला अधिकारी प्रमुख उपस्थित थे। ऑनलाइन खरीद की सुविधा इस लिंक https://chhindwara.nic.in/en/srlm/ के माध्यम से घर बैठे पातालकोट आजीविका उत्पाद क्रय कर सकते है।



# होम स्टे के संचालकों को सिखाए अतिथि सत्कार के गुर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए पर्यटन ग्रामों में आने वाले पर्यटकों का अतिथि सत्कार और उन्हें मिलने वाली सुविधाओं, ग्राम की स्वच्छता के गुर सिखाने के लिए पर्यटन ग्राम धूसावानी में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से किया गया। यहां पर धगड़िया, धूसावानी और काजरा के होम स्टे संचालकों ने कार्यशाला में सहभागिता की। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह व सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के टाटा स्ट्राइव कौशल विकास केंद्र के माध्यम से यह नि:शुल्क ट्रेनिंग दी गई। मास्टर ट्रेनर आकाश भारद्वाज व दिनेश चतुर्वेदी द्वारा होम स्टे के हितग्राहियों को अतिथि सत्कार से जुड़ी व पर्यटकों को परोसे जाने वाले भोजन की क्वालिटी, सुरक्षा और स्वागत के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। जिले के सभी होम स्टे संचालकों को कार्यशाला के माध्यम से ट्रेनिंग दिलवाई जाएगी। धूसावानी की कार्यशाला में इंडियन ग्रामीण सर्विसेज व सतपुड़ा सेल्फ संस्था का सहयोग रहा। मार्च व अप्रैल माह में होने वाली कार्यशाला के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।